चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/1331
दिनांक :– 25.7.2024

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः– प्रदेश स्थित राज्य विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा समर्थ पोर्टल पर लॉगिन न किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांकः 1760/सत्तर–3–2024, दिनांक 24.07.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालयों द्वारा समर्थ पोर्टल पर लागिन कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा समस्त सम्बद्ध संस्थानों/महाविद्यालयों का विवरण समर्थ पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है तथा सम्बद्ध संस्थानों/महाविद्यालयों को उनके द्वारा उपलब्ध करायी गयी ई–मेल आई0डी0 पर लॉगिन आई0डी0 पार्सवर्ड प्रेषित किया जा चुका है।

अतः उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में आपको सूचित/निर्देशित किया जाता है कि जिन संस्थानों/महाविद्यालयों द्वारा उपर्युक्त लॉगिन आई0डी0–पासवर्ड से लॉगिन नहीं किया गया है वे संस्थान/महाविद्यालय तत्काल उपर्युक्त लॉगिन आई0डी0–पासवर्ड से लॉगिन करने का कष्ट करें। यदि किसी संस्थान/महाविद्यालय को लॉगिन आई0डी0–पासवर्ड प्राप्त नहीं हुआ है तो वह संस्थान/महाविद्यालय तत्काल विश्वविद्यालय के सम्बद्धता विभाग में सम्पर्क करने का कष्ट करें।

भवदीय,

25-07-2024

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–
01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. प्रभारी वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रधान सहायक (सम्बद्धता)